तापमान

अधिकतम 41.5 डिग्री

न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 31 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 तपती जेठ में विशाल जलाशय और टार बांध...



12 नवागढ़ में जुटेंगे सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय...



## खबर संक्षेप

### हुडको में बिजली की लचर व्यवस्था हल्की हवा चलते ही घंटों रहती है गुल

**भिलाई।** हुडको क्षेत्र में बिजली वितरण चलर व्यवस्था को लेकर एमआईसी प्रभारी सीजू एंथोनो के साथ बड़ी संख्या में वार्डवासी 32 बंगला स्थित कार्यपालन अभियंता एनके राठी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। हुडको वासियों ने बताया कि थोड़ी सी हवा चली नहीं की बिजली चली जाती है फिर घंटो बाद आती है। मानसून और गरमी के पूर्व संधारण के बाद भी घंटों बिजली गुल रहती है। पेट्रोल पम्प फिडर स्थित एमआईजी 2/1 से 36 के बीच और रेल्वे लाइन फीडर स्थित एमआईजी 1/904 से 924 व एमआईजी 2/200 से 214 के बीच नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई। कार्यपालन अभियंता को यह भी बताया गया कि स्ट्रीट लाइट शार्ट होने की स्थिति में बहुत बड़ा क्षेत्र अंधकार में डूबा रहता है। चार-चार दिन तक संधारण नहीं हो पाता है। स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य निगम का है लेकिन लाइन का संधारण बिजली विभाग की जिम्मेदारी है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि लोगों की मांग पर रिसाली जोन को दो भागों में बांट दिया गया है। अब अलग से एक सहायक अभियंता कार्यालय अस्तित्व में आ जाएगा। इसके अलावा चार से पांच अतिरिक्त ट्रांसफार्मर जल्द लगवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सीजू एंथोनी, जावेद खान, आरबी के राव, अरूण अग्रवाल, दीपांकर दास, श्यामल रॉय, बीएल मालवीय आदि उपस्थित थे।

### अंधा मोड़ पर आखिरकार लगा चेतावनी बोर्ड

**अंडा।** ग्राम तिरगा आबादी पारा में स्थित खतरनाक अंधा मोड़ पर लगातार हो रहे सड़क हादसों और ग्रामीणों की चिंता को लेकर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। आखिरकार संबंधित विभाग द्वारा मोड़ पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया गया है, जिससे अब राहगीरों और वाहन चालकों को सावधानी बरतने की जानकारी मिल सकेगी। बताया जा रहा है कि इस अंधा मोड़ पर आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही थीं। मोड़ बेहद संकरा और सामने से आने वाले वाहनों का अंदाजा नहीं लग पाने के कारण ग्रामीण लंबे समय से यहां सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने कई बार चिंता जताई थी कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन और संबंधित विभाग हरकत में आया तथा मौके पर चेतावनी बोर्ड स्थापित किया गया। बोर्ड लगने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि इससे वाहन चालकों को पहले से सतर्कता मिलेगी और दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने खबर प्रकाशित होने के बाद त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग का आभार जताया है।

# 110 गुम मोबाइल बरामदः बेमेतरा पुलिस ने लौटाई 16.50 लाख की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

पुलिस ने तकनीक और सक्रिय पुलिसिंग का प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जिलेभर में गुम हुए 110 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिया। लगभग 16 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के इन मोबाइलों की वापसी से नागरिकों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दिया। लंबे समय से अपने मोबाइल खो जाने की निराशा झेल रहे लोगों के लिए यह अभियान किसी राहत से कम नहीं रहा। पुलिस द्वारा सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट identity आईडेंटिटी रजिस्टर ) पोर्टल के माध्यम से जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में गुम अथवा चोरी हुए मोबाइल फोनों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान प्राप्त शिकायतों का तकनीकी विश्लेषण कर पुलिस ने 110 मोबाइल फोन खोज निकाले और विधिवत सत्यापन के बाद उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया। मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने बताया कि मोबाइल गुम होने के बाद उन्होंने उसे वापस मिलने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस की मेहनत और सीईआईआर पोर्टल की मदद से जब उनका मोबाइल वापस मिला तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लोगों ने बेमेतरा पुलिस और साइबर सेल की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। डीआईजी रामकृष्ण साहू (आईपीएस) ने बताया कि जिले में ▸▸ शेष पेज 12 पर

## विशेष अभियान, अब तक 571 मोबाइल बरामद

### करीब एक करोड़ रुपये की संपत्ति लौटाई

पुलिस के अनुसार, जिले में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 571 गुम मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। इनकी कुल कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है, जिन्हें उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंपा गया है। यह उपलब्धि जिले में तकनीक आधारित पुलिसिंग की सफलता का बड़ा उदाहरण मानी जा रही है। मोबाइल वितरण कार्यक्रम में डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, साइबर नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेरला विनय कुमार, रीडर-1 निरीक्षक कृष्णकांत सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### साइबर सेल टीम की रही अहम भूमिका

अभियान की सफलता में प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, लोकेश सिंह, योगेश यादव तथा आरक्षक पंचराम घोरबंधे, विनोद सिंह राजपूत, पीलाराम साहू, नुरेश वर्मा, संजय पाटिल, रेखन साहू, जय किशन साहू, मुकेश माहिरे सहित संपूर्ण साइबर सेल टीम और थाना-चौकी स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भारी मात्रा में नकली खाद रखे जाने का दावा, किसानों के हित की अनदेखी ?

# जिले में नकली डीएपी खाद का बड़ा खेल! अवैध भंडारण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- व्यापारी संगठन ने लगाया संरक्षण का आरोप, कार्रवाई नहीं होने से सक्रिय हैं अवैध गिरोह

जिले में खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच नकली डीएपी खाद के कथित अवैध कारोबार को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारों के अनुसार हरियाणा से लाकर नकली डीएपी खाद को जिले में खपाया जा रहा है तथा इसका भारी मात्रा में भंडारण जिला मुख्या लय से लगे ग्राम सिरवाबांधा एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्र में किया गया है। सबसे बड़ी बात यह बताई जा रही है कि संबंधित विभाग को मामले की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। कृषि प्रधान जिले बेमेतरा में खाद की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी प्रशासन और कृषि विभाग की होती है, लेकिन खाद की कमी और बढ़ती मांग का फायदा उठाकर नकली खाद का कारोबार करने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। आरोप है कि ये गिरोह किसानों की मेहनत और फसलों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

### पंजीकृत व्यापारियों पर सख्ती, अवैध कारोबारियों पर नरमी?

व्यापारी वर्ग का आरोप है कि वर्तमान में विभाग का पूरा ध्यान केवल पंजीकृत खाद विक्रेताओं पर नियम-कायदों का दबाव बनाने और निरीक्षण की औपचारिकताओं तक सीमित है। दूसरी ओर अवैध रूप से नकली खाद का कारोबार करने वाले तत्व खुलेआम सक्रिय हैं। इससे वैध व्यवसाय करने वाले व्यापारियों में भी नाराजगी देखी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि नियमों का पालन करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई तो तुरंत हो जाती है, लेकिन बड़े स्तर पर चल रहे अवैध कारोबार के खिलाफ अपेक्षित तत्परता दिखाई नहीं देती।




### की मेहनत और उत्पादन पर मंडरा रहा खतरा

विशेषज्ञों के अनुसार नकली या घटिया गुणवत्ता वाले उर्वरकों के उपयोग से फसलों की वृद्धि प्रभावित होती है, उत्पादन घटता है और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। खरीफ सीजन के ठीक पहले ऐसे मामलों का सामने आना किसानों के लिए चिंता का विषय है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ी संख्या में किसान इसकी चपेट में आ सकते हैं। व्यापारी संगठन ने यहां तक आरोप लगाया है कि विभागीय संरक्षण के बिना इतने बड़े स्तर पर नकली खाद का कारोबार संभव नहीं है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन संगठन की ओर से लगाए गए आरोपों ने पूरे ▸▸ शेष पेज 12 पर

### खाद संकट का उठा रहे नाजायज फायदा

जानकारों का कहना है कि पिछले वर्षों से जिले में खाद की समय-समय पर कमी की स्थिति बनती रही है। इसी का लाभ उठाकर अवैध कारोबारी नकली डीएपी और अन्य उर्वरकों की सप्लाई कर रहे हैं। किसान असली और नकली खाद की पहचान नहीं कर पाते और अधिक उत्पादन की उम्मीद में इन्हें खरीद लेते हैं। बाद में फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

### पहले भी पकड़ी जा चुकी है नकली खाद

व्यापारी संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। गत वर्षों में भी जिले में टनों के हिसाब से नकली खाद पकड़ी जा चुकी है। कई बार व्यापारी संगठन के सहयोग और सूचना के आधार पर नकली खाद के भंडारण एवं परिवहन का खुलासा हुआ था। इसके बावजूद दोषियों के खिलाफ ऐसी कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, जिससे इस अवैध कारोबार पर स्थायी अंकुश लगाया जा सके। संगठन का आरोप है कि यदि पहले मामलों में सख्त कार्रवाई की जाती, तो आज नकली खाद के गिरोह इतने बेखौफ होकर काम नहीं कर पाते।

# अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई



सिटी कोतवाली पुलिस ने अश्लील गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। साथ ही भविष्य में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कारेसरा निवासी भुनेश्वर चन्द्राकर (36 वर्ष) ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 मई 2026 की रात लगभग 10 बजे वह गांव की गली में टहल रहा था। इसी दौरान गांव के निवासी जागेश्वर साहू और उसके भाई दीपक साहू ने उसे देखकर सरपंच बनने को लेकर विवाद करते हुए अपशब्द कहना शुरू कर दिया। दोनों ने एक राय होकर अश्लील गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का-मुक्की भी की। पीड़ित द्वारा डायल-112 को सूचना देने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश दी। आरोप है कि इसके बाद भी दोनों आरोपी शांत नहीं हुए और पुलिस बुलाने की बात को लेकर पुनः भुनेश्वर चन्द्राकर के साथ विवाद एवं झगड़ा किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 351(3) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में पुलिस टीम को विवेचना एवं कार्रवाई के लिए लगाया गया। जांच के दौरान आरोपियों ▸▸ शेष पेज 12 पर

# सुशासन तिहार में पहुंचीं जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, शिविर में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/बेरला

- अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश; हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत सांकरा में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनका गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा



कि सुशासन तिहार केवल सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए शासन की संवेदनशील और जनहितकारी पहल है। कल्पना तिवारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर न हो। सरकार द्वारा सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं को समझा जा रहा है तथा जो लोग अब तक योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें चिन्हित कर लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामवासियों का स्वागत करते हुए कहा कि जनता का विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि वे गांव-गांव पहुंचकर जनसमस्याओं का समाधान कर रहे हैं, जो सुशासन की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनसेवा, पारदर्शिता और सुशासन की भावना के साथ कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर जरूरतमंद को समय पर सहायता उपलब्ध हो।

कार्यक्रम में संध्या परगनिहा, नरेंद्र वर्मा डोमेन्द्र सिंह राजपूत, अर्चना देसलहरे, रामेश्वर देवांगन, देवेन्द्र वर्मा, लक्ष्मी लता वर्मा, कमल साहू, संध्या नायक, सेन प्रकाश साहू, संतोष सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 8 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- चोरी के मामले में न्यायालय से जारी था स्थायी वारंट, पेश किया गया अदालत में

जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को फरार आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, माननीय न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 1541/18 एवं अपराध क्रमांक 462/18 में भारतीय दंड संहिता की धारा 457, 380 एवं 34 के तहत जारी स्थायी वारंट के आधार पर फरार आरोपी संतोष जोशी (30 वर्ष) पिता पुरू प्रसाद जोशी, निवासी ग्राम मेड़ेसरा, थाना नंदनी, जिला दुर्ग की तलाश की जा रही थी। सिटी कोतवाली पुलिस ने लगातार पतासाजी एवं मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध जारी स्थायी वारंट की तामील करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों की तामील एवं



फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला, सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, आरक्षक कुसुम कोशले एवं चुरावन पाल सहित सिटी कोतवाली बेमेतरा के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## 2703.36 की लागत से निर्मित 5 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले को देंगे 105 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- 7801.33 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे 13 विकास कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज एक दिवसीय प्रवास पर जिला मुख्यालय आयेंगे। मुख्यमंत्री साय इस दौरान 10504.69 लाख रुपए की लागत के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करेंगे। इनमें 7801.33 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे 13 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं 2703.36 लाख रुपए की लागत से निर्मित 05 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री के हाथों 7801.33 लाख रुपए की लागत से 13 विकास कार्यों का भूमि पूजन किया जाएगा। इनमें इनमें 1594.01 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे, बेरला से कोदवा देवरबीजा, करमु मार्ग, लंबाई 22 किलोमीटर 02 लेन मजबूतीकरण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसी तरह 879.98 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे जिले भेड़नी, सल्धा, सिंधोरी मार्ग, 1181.12 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे बहिंगा, तिवरैया, सिमगा का पहुंच मार्ग निर्माण कार्य, 3162.28 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे सोढ़, रेवे देवरबीजा, अकोला, खाती, सौरी मार्ग, 456.87 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे मुड़पार खुर्द से जमघट पहुंच का भूमि पूजन करेंगे। इसी प्रकार 133 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बेमेतरा में बाल संप्रेषण गृह निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे। इसी तरह 79.32 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे, जिला सेनानी नगर सेना बेमेतरा के प्रशासकीय भवन का भूमि पूजन करेंगे। इसी प्रकार 179.36 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे गुदेली से कंडरका मार्ग, 06 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत में ग्राम बीजाभाट में अहाता निर्माण कार्य एवं 05 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे ग्राम बहेरा में अहाता निर्माण कार्य, 07 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे ग्राम चोरभट्ठी में सीसी रोड निर्माण कार्य, 58.83 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे ग्राम सरदा में सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य एवं 58.56 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे ग्राम रांका में ▸▸ शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### शिशिरकांत बनाए गए ओबीसी कांग्रेस शहर अध्यक्ष



दुर्ग। पूर्व महापौर और वर्तमान में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की अनुशंसा पर ओबीसी कांग्रेस का शहर अध्यक्ष शिशिरकांत कसार को बनाया गया है। वे लंबे समय से कांग्रेस में सक्रिय है। युवा चेहरा होने के साथ उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए लगातार काम किया। इसके आधार पर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के बाद विशेष रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिलाध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेश यादव, दीपक दुबे का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया है, उस कसौटी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा युवाओं और पिछड़ों की आवाज बनकर संगठन को मजबूत करने की दिशा की ओर काम करता रहूंगा। वर्तमान वे पश्चिम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता के पद पर कार्य कर रहे हैं। इससे पहले वे महात्मा गांधी हायर सेकंडरी स्कूल में शालाध्यक्ष, छात्र संगठन में सचिव, युवा कांग्रेस में महासचिव, किसान कांग्रेस में जिला सचिव, जिला कांग्रेस में सचिव सहित अन्य पदों पर रह चुके हैं।

### छात्रों को सर्टीफिकेट वितरित

दुर्ग। एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर चिखली द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना पाठ्यक्रम के वर्ष 2025–26 बैच के जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. केके जैन वरिष्ठ चिकित्सक जनरल फिजीशियन और विशेष अतिथि न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई के अध्यक्ष अनिल गुप्ता थे। संस्था के चेयरमेन संजय तिवारी ने विद्यार्थिओं को बधाई दी। डॉ केके जैन ने कहा कि कौशल विकास योजना आधारित प्रशिक्षण आज के समय की मांग है। कार्यक्रम में अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर जेएन पाण्डेय,अरविन्द खैरवार, विनीता आंचला, नेहा ठाकुर, फनीस साहू आदि मौजूद थे।

# मर चुकी मानवीय संवेदना... खुले में रखे जा रहे शव, उठती बदबू से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सरकारी महकमें में विशेष रूप से हेल्थ विभाग में मानवीय संवेदना लगभग मर चुकी है। अस्पताल में मृत मरीजों को मरच्यूरी में तो रखा जा रहा है, लेकिन एक फ्रीजर कैबिनेट पिछले करीब 5 महीनों से खराब है। इस वजह से शव को खुले में रख दिया जा रहा है। इससे आसपास बदबू उठ रही है। मरच्यूरी के आसपास खड़ा होना मुश्किल हो गया है। इसकी जानकारी के बाद शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले कार्यकर्ता सिविल सर्जन डॉ. आशीषयन मिंज से मिलने पहुंचे। उन्होंने मामले की शिकायत की। साथ ही 15 दिन के भीतर समस्या का निराकरण करने अल्टीमेटम जारी किया। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। जिला अस्पताल मरच्यूरी फ्रीजर कैबिनेट हैं, जिसमें एक कैबिनेट में 4 शव रखे जाते हैं। दोनों में 4-4 यानी कुल 8 शव रखने के इंतजाम हैं। पिछले 5 महीने से 1 फ्रीजर कैबिनेट खराब है। खास बात यह है कि इसके सुधार को लेकर लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं किया गया है। 4 महीने पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने भी शिकायत की थी।

## जिला अस्पताल दुर्ग की मरच्यूरी में भारी अव्यवस्था, नहीं हो रही नियमित मॉनिटरिंग

### मृत शरीर मर्च्यूरी में खुले में पड़े, अंतिम संस्कार का इंतजार

जानकारी के मुताबिक कई शव गर्मी में फ्रीजर के बाहर पड़े हुए हैं। उनमें लगातार गर्मी के कारण दुर्गंध तक आ रही है। खास बात है कि पोस्टमार्टम और अन्य कारणों से उनका अंतिम संस्कार तक नहीं हो पा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. आशीषयन मिंज ने बताया कि रेडक्रॉस के माध्यम से मरच्यूरी का संचालन किया जा रहा है। फ्रीजर को जल्द ही सुधारा जाएगा। ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।



### फ्रीजर के एवज में लिया जा रहा 300 रुपए का शुल्क

धीरज बाकलीवाल ने बताया कि फ्रीजर में शव रखने के एवज में 300 रुपए का शुल्क लिया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा रेड क्रॉस पर जिम्मेदारी डाली जा रही है। बदबू इतनी है कि परिजन भी अंदर नहीं जा पा रहे हैं। 15 दिन के भीतर समस्या का निराकरण नहीं हुआ, तो प्रदर्शन होगा। इस अवसर पर दुष्यंत देवांगन, निगम के प्रतिपक्ष नेता संजय कोहले, राय सिंह ढिकोला, प्रवक्ता नासिर खोखर, अनूप वर्मा, अजय शर्मा, सुशील भारद्वाज, सुनीत घोष, आयुष शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## महापौर ने कलेक्टर और एसएसपी के साथ मौके का किया निरीक्षण

# शहर के दो प्रमुख नालों का पानी साफ करने बनेंगे 77 एमएलडी के एसटीपी

### सीएम कल करेंगे 259 करोड़ के कामों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जेआरडी स्कूल मैदान में 31 मई को सुबह 11 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन होगा। वे शहर में होने वाले 259 करोड़ के 191 कामों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इसे लेकर महापौर अलका बाघमार एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। महापौर ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत, मंच निर्माण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भूमिपूजन के लिए प्रस्तावित प्रमुख कार्यों में 77 एमएलडी एसटीपी निर्माण, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी अंतर्गत कम्पोस्ट प्लांट निर्माण एवं मशीनरी स्थापना कार्य, इंदिरा मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण, नालंदा परिसर निर्माण, शहर के विभिन्न वार्डों में सीसी एवं आरसीसी नाली, पुलिया, सीसी सड़क एवं डामरीकरण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण एवं उन्नयन, केनाल रोड निर्माण, सिकोला नाला निर्माण, जलागार निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य भी प्रस्तावित हैं। लोकार्पण हेतु राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत मॉडल स्ट्रीट फूड हब, विभिन्न वार्डों में पेवर ब्लॉक एवं डामरीकरण कार्य, मेनोनाईट चौक से चौपाटी तक मार्ग चौड़ीकरण एवं उन्नयन तथा गंजपारा चौक से शिवनाथ नदी तक मार्ग उन्नयन कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम में कुल 25 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 166 विकास कार्यों का भूमिपूजन प्रस्तावित है। लोकार्पण कार्यों की कुल लागत राशि 1132.75 लाख रुपये तथा भूमिपूजन कार्यों की कुल लागत राशि 24801.99 लाख रुपये है। कुल 191 विकास कार्य लगभग 25934.74 लाख रुपये की लागत से शहर विकास को नई दिशा देंगे। इस दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल, एडीएम हरिवंश मिरी, सभापति श्याम शर्मा आदि मौजूद थे।



### हमने बनाया है हम ही संवारेंगे : अरुण सिंह



पूर्व पार्षद अरुण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन दुर्ग में हो रहा है। शहर लगातार विकास की राह पर है। हमने बनाया है हम ही संवारेंगे। भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जब-जब जो कहा है उसे पूर्ण करके दिखाया है। इसी कड़ी में दुर्ग विधानसभा के नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के भूमिपूजन, लोकार्पण के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का आगमन हो रहा है। दुर्ग शहर के विकास के लिए पूर्व के साथ सांसद, विधायक एवं महापौर ने पूरी ईमानदारी के साथ प्रयास किया। इसी कार्य को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान के विधायक, सांसद और महापौर लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री सहित प्रभारी मंत्री का दुर्ग विकास के लिए सहयोग अतुलनीय है।

### सड़क, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के निर्देश



दुर्ग। मंत्री गजेन्द्र यादव शुक्रवार को वार्ड 48 और क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर समस्याओं, आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान वार्ड पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर और नागरिकों के साथ क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। वार्ड भ्रमण के दौरान सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन विस्तार, पॉवर पंप स्थापना, नाली निर्माण, साफ-सफाई तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विषयों पर नागरिकों ने अपनी समस्याएं और मांगें रखीं। मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के इंजीनियरों और अधिकारियों को जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, सड़कों के मरम्मत और बारिश पूर्व सभी नालियों की सफाई कार्य में तेजी लाने तथा आवश्यक स्थानों पर अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा की।

# सुशासन तिहार के अंतिम शिविर में उमड़ी भीड़

## विधायक-मेयर ने सुनी जनता की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में आयोजित सुशासन तिहार अभियान का अंतिम शिविर शुक्रवार को सोमनी सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर अपनी मांगों और समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

- 200 से ज्यादा आवेदन पहुंचे, सोमनी सामुदायिक भवन में लगा शिविर

निगम क्षेत्र में कुल चार सुशासन शिविर आयोजित किए गए। अभियान का पहला शिविर 5 मई को उमदा वार्ड 6 स्थित सामुदायिक भवन में लगाया गया था। दूसरा शिविर 11 मई को मंगल भवन भिलाई-3 में आयोजित हुआ। इसके बाद वार्ड 18 से 29 तक के लिए सामुदायिक भवन चरोदा में तीसरा शिविर लगाया गया। वहीं अंतिम चरण में निगम क्षेत्र के अंतिम 10 वार्डों के लिए सोमनी में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अहिवारा विधायक राजमंहत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भी पहुंचे। महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

### पद्मश्री सम्मानित उषा बारले ने दी प्रस्तुति

शिविर में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गायिका और पद्मश्री सम्मानित उषा बारले की मौजूदगी भी आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने अपने लोकगीतों से उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में निगम आयुक्त डीएस राजपूत, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम वर्मा, वार्ड पार्षद तुषांत वर्मा सहित निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने शिविर में पहुंचने वाले नागरिकों की समस्याएं सुनकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई।

# सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी मुफ्त, निजी संस्थाएं ले रहीं 1200 से दो हजार

## अस्पतालों में संसाधन मौजूद होने के बाद भी नहीं मिल रही सुविधा

भिलाई। दुर्ग के सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी मशीनें होने के बावजूद आम मरीजों को नियमित सुविधा नहीं मिल पा रही है। गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी भी महीने में 9 और 24 तारीख को की जाती है, जबकि अन्य मरीजों को मजबूरी में निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों का सहारा लेना पड़ रहा है। सिविल अस्पताल सुपेला और जिला अस्पताल दुर्ग जैसे प्रमुख अस्पतालों में भी यही व्यवस्था लागू है। अस्पतालों में मशीन और संसाधन मौजूद होने के बावजूद गर्भवती महिलाओं के अलावा दूसरे मरीजों की जांच नहीं होती।

- निजी संस्थानों में जांच कराने की दी जाती है सलाह





जानकारी के मुताबिक सरकारी अस्पताल में केवल विशेष परिस्थितियों में ही अन्य मरीजों की सोनोग्राफी की जाती है। सामान्य मरीजों को निजी सेंटरों में जाकर महंगी जांच करवानी पड़ती है। निजी संस्थानों में सोनोग्राफी के नाम पर 1200 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह खर्च भारी साबित हो रहा है।

कई मरीज पेट दर्द, लीवर, किडनी, गॉलब्लैडर और अन्य बीमारियों की जांच के लिए अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें बाहर से जांच कराने की सलाह दे दी जाती है। इससे इलाज में देरी होने के साथ अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि सरकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात अलग दिखाई देते हैं। लोगों ने मांग की है कि गर्भवती महिलाओं के अलावा अन्य मरीजों के लिए भी सरकारी अस्पतालों में नियमित सोनोग्राफी सुविधा शुरू की जाए ताकि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिल सके।

### लॉटरी से 10 हितग्राहियों को मिला अपना घर

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित आवासों का आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से लगातार किया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र के सरस्वती नगर, मां कर्मा बोरसी एवं गोकुल नगर में एएचपी घटक के तहत निर्मित आकर्षक एवं किफायती आवास शहरवासियों के लिए बेहतर आवासीय विकल्प बनकर उभर रहे हैं, जिसके चलते हितग्राहियों द्वारा लगातार आवेदन किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह प्राप्त आवेदनों के आधार पर लॉटरी के माध्यम से निष्पक्ष तरीके से आवासों का आवंटन किया जा रहा है। इसी क्रम में गोकुल नगर में 1, सरस्वती नगर में 5 एवं मां कर्मा बोरसी में 4 आवासों हेतु कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया। महापौर निगम प्रशासन ने जानकारी दी कि सम्पूर्ण राशि जमा करने के पश्चात हितग्राहियों को आधिपत्य पत्र प्रदान किया जाएगा।

# एमआरपी पर सीमा तय करने कानून बनाने की मांग, प्रदर्शन 12 जून को

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, दुर्ग महानगर एवं भिलाई महानगर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राहक हित एवं उनके अधिकारों को लेकर एमआरपी विषय पर सीमा निर्धारित करने हेतु प्रभावी नीति निर्धारण एवं कानून बनाने बनाए जाने की मांग की गई। सदस्यों ने बताया कि देशभर के विभिन्न जिलों में कलेक्टर, विधायक, सांसदों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजे जा रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय वाणिज्य एवं उद्योग, वित्त तथा उपभोक्ता संरक्षण मामले विभाग के माध्यम से ऐसा कानून बनाया जाए जिसमें एमआरपी व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए अधिक पारदर्शी, लाभकारी एवं प्रभावी बन सके। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत 53 वर्षों से उपभोक्ता जागरूकता, उपभोक्ता शिक्षण एवं उपभोक्ता मुद्दों पर मार्गदर्शन के क्षेत्र में कार्यरत है। संगठन की ओर से देश भर में लगभग 35000 से अधिक सदस्य सक्रिय है। आगामी 12 जून को नई दिल्ली स्थित जंतर मंतर में विशाल सभा, महारैली उपरोक्त विषय को लेकर आयोजित है, जिसमें देशभर के संगठन के कार्यकर्ता, दायित्वधारी एवं उपभोक्ता शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रांत सचिव देवेंद्र कौशिक, देवाशीष घोष, गोपीचंद साहू, संजय डहरवाल, अशोक कुमार माहोर, कृष्ण देशमुख, धर्मेंद्र धामू, डॉ. झमनेश देशमुख, कंचन शुक्ला, चंद्रशेखर साहू, दिलीप इंगले, अभय तिवारी, महेंद्र देशमुख, धीरेंद्र बघेल, शिवराज चंदेल आदि उपस्थित थे।

- अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने एमआरपी नीति निर्धारण को लेकर केंद्र सरकार के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



## 45 डिग्री के पार तापमान, हीट स्ट्रोक से बिगड़ रही तबीयत


# नौतपा की तपिश बनी जानलेवा, लू की चपेट में लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नौतपा शुरू होते ही भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आसमान से बरस रही आग और लगातार बढ़ते तापमान के कारण अब लोग लू यानी हीट स्ट्रोक की चपेट में आने लगे हैं। जिले के अस्पतालों में रोजाना दो से तीन मरीज लू की शिकायत लेकर भर्ती हो रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक समय पर इलाज मिलने से मरीजों की हालत में सुधार हो रहा है, लेकिन आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

- सरकारी अस्पतालों में रोज बड़ी संख्या में पहुंच रहे मरीज

इन दिनों दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आने लगी हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी मजदूरों, बुजुर्गों, बच्चों और बाहर काम करने वाले लोगों को हो रही है। जिला अस्पताल दुर्ग और सिविल अस्पताल अस्पताल में उल्टी, चक्कर, तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में कमजोरी और बेहोशी जैसी शिकायतों के साथ मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि ये लू के शुरुआती लक्षण हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, जब शरीर का तापमान तेजी से बढ़ता है और शरीर खुद को ठंडा नहीं रख पाता, तब हीट स्ट्रोक की स्थिति बनती है। कई मामलों में मरीजों को तेज बुखार के साथ डिहाइड्रेशन और लो ब्लड प्रेशर की समस्या भी हो रही है।



### मरीजों को ऑब्जर्वेशन में रखा जा रहा

अस्पताल में भर्ती मरीजों को लगातार ऑब्जर्वेशन में रखा जा रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक ज्यादातर मरीज दो से तीन दिन इलाज के बाद ठीक होकर घर लौट रहे हैं, लेकिन गंभीर स्थिति में लू जानलेवा भी साबित हो सकती है। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। जरूरी काम होने पर सिर ढंककर निकलने, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने और लगातार पानी पीते रहने की अपील की गई है।

# पुरई में नाम और जाति में त्रुटि, राजस्व न्यायालय से त्रुटि सुधार का दिया आदेश

दुर्ग। सरकारी दस्तावेज में त्रुटि का खामियाजा पुरई का पीड़ित परिवार भुगत रहा था। इसे लेकर राजस्व न्यायालय में परिवाद दायर किया गया। इसके बाद दस्तावेजी परीक्षण के बाद नाम में सुधार के निर्देश राजस्व न्यायालय से जारी हुए हैं। प्रकरण के मुताबिक पुरई के खसरा नंबर 1023/1 और 1020 रकबा क्रमशः 1.07 और 0.13 हेक्टेयर जमीन नाम में त्रुटि थी। इसकी वजह से जमीनी दस्तावेजों के आधार पर खरीदी-बिक्री और अन्य में पीड़ित परिवार को दिक्कतें सामने आ रही है। राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण यह दिक्कतें सामने आई। पीड़ित परिवार ने दो साल पहले परिवाद दायर किया। केस के विचारण के बाद कोर्ट ने आवेदककर्ताओं के पक्ष में आदेश पारित करते हुए त्रुटि सुधार के लिए निर्देश जारी किया। इसमें नीरू बाई उर्फ यामिनी धीवर पिता सुरेश कुमार, नरेश पिता गैंदलाल, जुगल पिता गैंदलाल, तीजन पिता गैंदलाल, रमेश पिता गैंदलाल, रूपा पिता गैंदलाल, विक्की उर्फ खेमलाल धीवर पिता गणेशराम ढीमर, अंजना पिता स्व. गणेशराम ढीमर, सुमन पिता गणेश राम ढीमर, पप्पू उर्फ दुर्गा प्रसाद पिता गणेश राम ढीमर दर्ज करने का आदेश पारित किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


श्री दीपेश साहू जी
विधायक, बेमेतरा
विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन
एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह में
मान. मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी
एवं समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत
अभिनंदन
अशोक शर्मा
उपाध्यक्ष
नगर पालिका बेमेतरा
विजय सिन्हा
अध्यक्ष
नगर पालिका बेमेतरा


मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में
मान. मुख्यमंत्री
श्री विष्णुदेव साय जी
के आगमन एवं क्षेत्र के लाडले
विधायक माननीय
दीपेश साहू जी
के विवाह बंधन में बंधने पर
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
श्री दीपेश साहू जी
विधायक, बेमेतरा
संरक्षक प्रदेश प्रतिनिधि
जिला साहू संघ बेमेतरा छत्तीसगढ़
नारद साहू
अध्यक्ष, जिला साहू संघ बेमेतरा
रेखराम साहू
जिला उपाध्यक्ष
श्रीमती नूतन साहू
जिला उपाध्यक्ष
माधोराम साहू
जिला संगठन सचिव
तारकेश्वरी साहू
जिला संगठन सचिव
बेनूराम साहू
साहू महा सचिव जिला साहू संघ बेमेतरा
जिला पदाधिकारीगण
तहसील अध्यक्षगण
जिला संयोजकगण

# देश में गौ हत्या बंद हो और गौमाता को राष्ट्र माता, राज्य माता का सम्मान मिले: ज्योतिर्मयानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

ग्राम अर्जुनी में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन में दण्डी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि गौमाता पशु नहीं है मां है गौमाता विश्व की माता है उसे राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र माता का सम्मान मिले और राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ सरकार को गौमाता को राज्य माता घोषित करना चाहिए और उनके लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए जिससे गौवंश सम्मान पूर्वक जीवन जी सके। गौदान करने से महान पुण्य होता है गौदान करने के बाद जब गौमाता मूत्र और गोबर करती है तो दाता के तरल और ठोस दोनों पाप नष्ट हो जाते हैं। गौमाता के पूजन से सभी देवी देवताओं के पूजन का फल मिलता है और सभी तीर्थों का फल मिलता है। अतः सभी गौ सेवा करें। संपूर्ण देश में गौवंश की हत्या बंद हो इसीलिए गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ हो रहा है लगभग सभी देशवासी यही चाहते हैं।

पितरों के साथ स्वधा नाम की कन्या का विवाह हुआ जिससे तीन कन्या उत्पन्न हुई मैना, कलावती, और धन्या ये तीनों बहनें भगवान श्री विष्णु जी का दर्शन करने श्वेत द्वीप गये वहां भगवान का दर्शन कर बैठ गए सनत कुमार आदि भैया वहां आये उनको तीनों बहनें प्रणाम नहीं की शिव माया के कारण तब सनकादि ऋषियों ने शाप दिया कि तुम लोग मनुष्यों की पत्नी बनोगी। तब बहनों ने क्षमा मांगी तब कुमारों ने कहा कि चिंता मत करो इस विपत्ति के कारण तुम्हारा नाम संसार में प्रकाशित होगा। विपत्ति के बिना कोई महिमा मण्डित नहीं होता। विपत्ति और संघर्ष मनुष्यों को महान बनाते हैं। धन्या से कहा तुम्हारा विवाह योगी जनक से होगा और सीता की माता बनोगी। कलावती से कहा तुम्हारा विवाह भगवान के अंश वृषभानु से होगा और भगवती राधा की माता बनोगी। मैना से कहा कि तुम्हारा विवाह हिमाचल से होगा तुम पार्वती की माता बनोगी पार्वती का विवाह भगवान शंकर जी से होगा सीता जी का भगवान श्री राम जी से और राधा जी का विवाह भगवान श्री कृष्ण से होगा। सती माता मैना जी के घर पार्वती के रुप में प्रकट हुई। देवर्षि नारद जी ने पार्वती जी के भविष्य का वर्णन किया।

## गौमाता के मूत्र और गोबर से दाता के तरल और ठोस पाप हो जाते नष्ट

### गौ माता को स्पर्श करने से मिलता पुण्य

कुत्ते और सर्प को यदि कोई छू ले तो वस्त्र सहित स्नान करके शुद्ध होते हैं। और गौ माता को स्पर्श करने से पुण्य मिलता है गो माता के पूंछ में सारे तीर्थ का निवास होता है। ब्रह्मा जी से कामदेव प्रगट हुए उन्होंने अपने पिता से सृष्टि के विस्तार के लिए सब पर विजय का वर प्राप्त किया और उस वर का प्रयोग ब्रह्मा जी पर ही कर दिया जिससे ब्रह्मा जी ने शिव जी से जलने श्राप दिया इसी कारण शिव समाधि भंग करने से शिव नेत्राग्नि से जले थे। जब भगवान श्री शिव जी समाधि लगाये थे उसी समय तारकासुर नामक दैत्य तीनों लोकों पर अत्याचार कर रहा था देवता ब्रह्मा जी के पास गए और प्रार्थना किये तब कामदेव ने शिव जी की समाधि भंग कर दी कामदेव को भस्म कर दिया। रति के प्रार्थना करने पर बिना शरीर के जीवित कर दिया और कहा कि जब भगवान श्री कृष्ण का अवतार होगा तब श्री कृष्ण पुत्र प्रद्युम्न के रूप में कामदेव जन्म लेंगे और आपको प्राप्त होंगे। कामदेव देवताओं का काम बनाने गये थे परोपकार करते भस्म हुए इसलिए भगवान के पुत्र बनने का सौभाग्य मिला। इधर सती माता हिमाचल के घर पार्वती के रुप में प्रगट हुई। देवर्षि नारद जी ने माता पार्वती जी को तप करने कहा भगवान श्री शिव जी को पति रूप में प्राप्त करने माता पार्वती जी तप करने लगीं। और जगत के कल्याण के लिए भगवान शिव जी प्रसन्न होकर वरदान दे दिये कि पार्वती जी मैं आपके साथ विवाह करुंगा। और मंगलमय अद्भुत बारात भगवान शिव जी की निकली और जगत के कल्याण के जगत के माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव जी का विवाह हुआ। शिव पार्वती विवाह का पावन प्रसंग सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो गये।



## खबर संक्षेप

### पूर्व कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने समर्थकों के साथ केक काटकर मनाया जन्मदिन



देवकर। पूर्व कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के 71 वें वर्ष में प्रवेश के मौके पर गृह विधानसभा क्षेत्र साजा के अनेक हिस्सों में जन्म दिन का कार्यक्रम रखा गया था। जिसकी कड़ी में नगर पंचायत देवकर में भी पूर्व विधायक प्रतिनिधि कार्यालय में जन्मदिन का कार्यक्रम रखा गया था। शाम 4 बजे राज नेता क्षेत्र के जननायक कद्दावर नेता रविन्द्र चौबे कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर समर्थकों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से अपने चहेते नेता का स्वागत किया। कार्यक्रम में पदाधिकारी व बड़ी संख्या में क्षेत्र से आए समर्थकों कि भीड़ थीं। उपस्थित लोगों ने पूर्व मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु कि कामना कि। अपनों के बीच पहुंचकर रविन्द्र चौबे ने समर्थकों और लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### एमवीटीसी में सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के दल्ली राजहरा स्थित माइंस वेस्टिब्यूल ट्रेनिंग सेंटर मे एक्सकेवेशन कार्यों से संबंधित सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग (एसईडी) द्वारा उत्खनन, सिविल कार्य एवं जलापूर्ति विभाग से जुड़े सुपरवाइजर्स, अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों को एक्सकेवेशन प्लानिंग, एक्सकेवेशन परमिट प्रणाली, निरीक्षण चेकलिस्ट तथा सुरक्षा दिशा-निर्देशों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। महाप्रबंधक बीएन झा और सहायक महाप्रबंधक अनुराग पाठक ने उत्खनन कार्यों के दौरान सुरक्षा उपायों, परिचालन सावधानियों एवं दुर्घटना रोकथाम संबंधी बिंदुओं जानकारी दी।

### आम चुनाव कल

**अंडा।** ग्राम अंडा में धीवर समाज अंडा परगना का वार्षिक आम चुनाव 1 जून सोमवार को सुबह 10:00 बजे आयोजित है। इस संबंध में समाज के पदाधिकारियों ने सभी स्वजातीय भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

## साजा में 'हरिभूमि' के अभियान का बड़ा असर, छह पटवारियों और आरआई की टीम ने 6 घंटे तक की नापजोख

# तपती जेठ में विशाल जलाशय और टार बांध का सीमांकन, कई एकड़ जमीन पर मिला अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ साजा

खबर का असर

शहर के विशाल जलाशय व टार बांध का पूर्ण सीमांकन शुक्रवार को हुआ। छह घंटे चला सीमांकन में छह पटवारी और एक राजस्व निरीक्षक की टीम ने भारी तपती गर्मी के बीच सीमांकन किया। जलाशय के भीतर कई एकड़ जमीन अवैध कब्जे में मिली।

विदित हो कि इस जलाशय की बर्बादी को लेकर हरिभूमि ने माह अगस्त से लगातार अभियान चलाकर लोगों में जागरूकता लाई। 50 साल पुराने जलाशय की पहली बार जांच के आदेश एसडीम पिंकी मनहर ने माह अगस्त में दिए थे। उसे समय भी इसकी जांच के लिए एक दल बनाया गया था और 7 दिनों में रिपोर्ट मांगी गई थी। सीमांकन हुआ, लेकिन बरसात का मौसम होने के कारण पूरे इलाके का नाप नहीं हो सका। ग्रामीणों ने इस सीमांकन पर आपत्ति जताई।

मामला मुख्यमंत्री की टेबल तक भी पहुंचा। इस दरमियान एसडीम व कलेक्टर के तबादला के बाद मामला ठंडा पड़ गया। लगातार बांध को लेकर शिकायत होती गई। सुशासन के दौरान मामला फिर तुल पकड़ा। तहसीलदार विनोद बंजारे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम का गठन 15 मई को करते हुए 15 दिनों में पूरी रिपोर्ट करने के आदेश दिए। इसके बाद शुक्रवार को राजस्व अमला पूरी तैयारी के साथ जलाशय में उतरा और कई एकड़ में फैले विशाल जलाशय और टार बांध का सीमांकन किया। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौजूद रही। बता देना लाजिमी हो कभी यह शहर के कई एकड़ जमीन पर सिंचाई का एकमात्र साधन था, जो समय के साथ पूरी तरह अपना अस्तित्व खो चुका था। जलाशय के भीतर नियम के विरुद्ध करोड़ों रुपए के सरकारी भवन अधूरे बनाकर डकार दिया गया, जिस तरह जलाशय की बर्बादी की गई उसे देखकर लोगों में भी भारी आक्रोश पनपने लगा था। इस मामले को हरिभूमि ने लगातार प्रमुखता से उठाया, अंततः सावन की झड़ी में शुरू हुआ अभियान जेठ की तपिश में समाप्त हुआ। राजस्व टीम द्वारा पूरी रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपने के बाद बांध पर हुए अतिक्रमण की सूची व क्षेत्रफल का विस्तृत खुलासा होगा। लोगों ने हरिभूमि की इस जनहित पहल पर खुशी जताई।




### सत्ता बदलने के बाद युवाओं ने संभाली जांच कमान

नगर पंचायत में युवाओं ने बागडोर संभाली तब शहर के इस गंभीर मसले पर विचार किया गया। पूर्व अध्यक्ष द्वारा जिस तरह जलाशय को बर्बाद किया गया, वही उनके सत्ता से बेदखली का मार्ग बना। युवा अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेरणा सिंह सहित सभी पार्षदों ने इस मामले को लेकर रायपुर तक दौड़ लगाई, जिसका नतीजा अब यह जलाशय अपने पुराने रूप में आने की एक उम्मीद जग गई है।

### जांच आदेश के बाद अधिकारी का तबादला, पुनःवापसी पर उन्हीं समक्ष हुई जांच

इस पूरे घटनाक्रम के साथ एक दिलचस्प संजोग भी जुड़ा रहा। पिछले साल अगस्त के महीने में जिस एसडीएम पिंकी मनहर ने इस जलाशय की पहली जांच के आदेश दिए थे, उसके कुछ समय बाद उनका ट्रांसफर हो गया था। लेकिन प्रशासनिक फेरबदल में एक बार फिर उनकी साजा वापसी हुई और आखिरकार उन्हीं के दोबारा आए कार्यकाल में इस विशाल जलाशय का पूर्ण सीमांकन का कार्य संपन्न हुआ।

## कबड्डी हमारी मिट्टी का खेल है : टिकेश्वरी लाल



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम भरदा, दुर्ग मे प्रदेश स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन संपन्न हुआ। यह स्पर्धा न्यू शिवजी क्रीड़ा मंडल के बैनर तले संपन्न हुआ, जिसमे छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो से 45 टीमो ने हिस्सा लिया। यह स्पर्धा खिलाडियों के संरक्षण एवं समर्थन एवं प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से आयोजित की गयी थी , जिसमे 500 से अधिक खिलाडी सम्मिलित हुए थे। स्पर्धा के मुख्य अतिथि टिकेश्वरी लाल देशमुख कार्यकारी अध्यक्ष दुर्ग जिला कबड्डी संघ ने खिलाडियों का संबल बढ़ाते हुए कहा की कबड्डी हमारी जमीन एवं धरातल की खेल है इसे शिद्दत से खेलने की आवश्यकता है।

यह आयोजन अपनी प्रतिभा को पहचान देने के लिए किया गया है, मुझे विश्वाश है की उपस्थित खिलाडी प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे, कबड्डी को प्रदेश देश एवं विदेश मे इस प्रयास के लिए सभी को नये चिंतन के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए ग्राम भरदा की सरपंच सुनीता भर्दिया ने भी आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी । स्पर्धा मे उत्कृष्ठ खिलाडियों का सम्मान किया गया जिसमे जिला बलोद बम्हनी की टीम ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर धमतरी हिर्री तथा तृतीय बिलासपुर एवं चतुर्थ स्थान पर जिला राजनंदगांव भरदा खुद रहा। अतिथियो द्वारा सभी उत्कृष्ट टीमो एवं खिलाडियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कबड्डी संग दुर्ग जिला के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश भर्दिया, निर्मल देशमुख, शुभम देशमुख, गिरधर यादव, सोनसिंह यादव, अमन यादव, दुर्गेश यादव, देवराज देशमुख, समेंद्र निषाद, चंद्रिका देशमुख दीपक यादव, अरुण यादव, मुलचंद् देशमुख, पिटेश्वर यादव, श्रवण देशमुख, अशोक देशमुख, दीपक ठाकुर आदि ऑफिशियल निर्णायक कमिटी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# नवागढ़ में जुटेंगे सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहली बार सर्व ब्राह्मण समाज के बैनर तले बड़े स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनने जा रहे नवागढ़ में रविवार को राष्ट्रीय, प्रदेश, संभाग और जिला स्तर के पदाधिकारियों का जमावड़ा लगेगा। शाम 5 बजे मिलन मंगल भवन में आयोजित जिला स्तरीय सामाजिक बैठक में संगठन विस्तार, नई कार्यकारिणियों के गठन और समाज को गांव-गांव तक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।



### राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी होंगे शामिल

कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, उप प्रांताध्यक्ष लेखमणि पाण्डेय, जिलाध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा सहित प्रदेश एवं संभाग स्तर के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश सचिव सुरेन्द्र तिवारी, राजेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश जोशी, मूलचंद शर्मा, विकास धर दीवान, हर्षवर्धन तिवारी और अरविंद मिश्रा भी बैठक में शामिल होंगे। वहीं दुर्ग संभाग के महासचिव चंद्रिका प्रसाद शर्मा एवं सूर्य प्रकाश शर्मा, सचिव डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. आर.पी. शर्मा और सुरेश दुबे भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### संगठन विस्तार की बनेगी रूपरेखा

बैठक का मुख्य उद्देश्य नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत आधार प्रदान करना है। इसके तहत नवागढ़, नांदघाट एवं दाढ़ी तहसील इकाइयों के पदाधिकारियों के चयन के साथ-साथ विधानसभा स्तरीय संगठन के गठन पर भी चर्चा होगी। समाज के वरिष्ठजन गांव स्तर तक संपर्क बढ़ाने, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा सामाजिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श करेंगे।

### प्रतिभाओं का होगा सम्मान, भोजन की भी व्यवस्था

आयोजन के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की भी योजना बनाई गई है। शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सामाजिक बंधुओं के लिए संध्याकालीन भोजन की व्यवस्था भी की गई है।



### केंद्र की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्प

**भिलाई।** भाजपा रिसाली मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र क्रमांक 1 तालपुरी रुआबांधा में आत्मनिर्भर शक्ति केंद्र की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पार्षद सविता ढवस के निवास स्थान पर किया गया। यह बैठक प्रदेश भाजपा, जिला भाजपा एवं रिसाली मंडल के प्रभारी शिवेंद्र परिहार के निर्देशानुसार आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में रिसाली मंडल प्रभारी शिवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू तथा महामंत्री दशरथ साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य सविता ढवस ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ सशक्तीकरण तथा केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री गुड्डू झा, शक्ति केंद्र संयोजक जग्गू यादव, सहसंयोजक नरेंद्र त्रिपाठी, महिला मोर्चा अध्यक्ष शकुंतला दास सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दीपक बैज के बयान पर जिला साहू संघ का पलटवार, बोले- गरीब परिवार की बेटी से विवाह समाज के लिए प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा दिए गए बयान पर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस बीच जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारद साहू ने कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना है, न कि वर की सामाजिक या आर्थिक स्थिति के आधार पर किसी प्रकार का प्रतिबंध लगाना।

नारद साहू ने जारी बयान में कहा कि बेमेतरा में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम के लिए शासन द्वारा निर्धारित नियमों और पात्रता के अनुसार कुल 24 कन्याओं का पंजीयन किया गया है। सभी आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया है। ऐसे में योजना को लेकर अनावश्यक राजनीतिक विवाद खड़ा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि योजना के दिशा-निर्देशों में कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि पात्र कन्या का विवाह केवल गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले युवक से ही होना चाहिए। यदि कोई सक्षम, शिक्षित या उच्च पद पर स्थापित युवक किसी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या को अपना जीवनसाथी बनाता है तो यह सामाजिक समरसता और समानता का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला साहू संघ अध्यक्ष ने कहा कि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या को जीवनसंगिनी के रूप में स्वीकार करना समाज के लिए प्रेरणादायी कदम है। यह केवल एक विवाह नहीं बल्कि सामाजिक समानता, संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच का संदेश है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का यह निर्णय समाज में व्याप्त आर्थिक और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जाना चाहिए। नारद साहू ने कहा कि समाज के प्रभावशाली और सक्षम वर्ग द्वारा कमजोर वर्ग के परिवारों के साथ रिश्तेदारी स्थापित करना सामाजिक एकता को मजबूत करता है। ऐसे कदमों का स्वागत किया जाना चाहिए, न कि उन्हें राजनीतिक चश्मे से देखा जाना चाहिए।

### "राजनीतिक विरोध के लिए तथ्यों की अनदेखी कर रही कांग्रेस"



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज केवल राजनीतिक विरोध के उद्देश्य से योजना के वास्तविक प्रावधानों और तथ्यों को नजरअंदाज कर रहे हैं। बिना नियमों का अध्ययन किए सार्वजनिक बयान देना न केवल भ्रामक है, बल्कि इससे समाज में गलत संदेश भी जाता है। नारद साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक वैवाहिक जीवन की शुरुआत में सहयोग प्रदान करना है। इस योजना को राजनीति से ऊपर उठकर देखने की आवश्यकता है।

# सुशासन तिहार शिविर में हुआ जन समस्या निवारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



अमलेश्वर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी नीति और विकास परख सोंच को साकार करने दुर्ग जिले के नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में सुशासन तिहार मनाया गया। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव के दिशा निर्देश व दुर्ग सांसद विजय बघेल के मार्ग दर्शन में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में 4, 9 एवं 26 मई 2026 को विभिन्न वार्डो में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों के कुल 295 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 261 आवेदन विभिन्न मांग एवं 34 शिकायत प्राप्त हुई है। कुल 117 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया। शिविर में शासन के विभिन्न योजनाओं के तहत आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लायसेंस, श्रम कार्ड, आभा कार्ड, राशन कार्ड का तत्काल निराकरण किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को सुपोषण कीट का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनों का स्वास्थ्य परिक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में जिला प्रशासन की ओर से एडीएम श्रीमती योगिता देवांगन एवं एसडीएम लवकेश ध्रुव द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। इन जनसमस्या निवारण शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, पीआईसी सदस्य एवं सम्बंधित वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। शिविर के नोडल अधिकारी प्रीति गुप्ता मुख्य नगर पालिका अधिकारी, ढालेंद्र कुमार ठाकुर उप अभियंता उपस्थित थे।

## पेज 9 का शेष

### 110 गुम मोबाइल ...

खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन की पतासाजी के लिए सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का गहन परीक्षण किया गया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम या चोरी होने की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाना, साइबर सेल अथवा सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल की ट्रैकिंग कर शीघ्र रिकवरी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि आम जनता की संपत्ति को सुरक्षित वापस दिलाना भी उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### की मेहनत और ...

मामले को और गंभीर बना दिया है। अब जिले के किसान, व्यापारी और आमजन यह जानना चाहते हैं कि यदि विभाग को जानकारी थी तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई। जिले में नकली डीएपी खाद के कथित अवैध भंडारण और बिक्री को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। ऐसे में अब सभी की निगाहें कृषि एवं संबंधित विभागों पर टिकी हुई हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जिम्मेदार अधिकारी मामले की जांच कर सच्चाई सामने लाते हैं या फिर यह मामला भी केवल शिकायतों और आरोप-प्रत्यारोपों तक सीमित रह जाएगा। किसानों के हितों की रक्षा और उर्वरक व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए त्वरित एवं निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है।

### अश्लील गाली-गलौज...

जागेश्वर साहू (26 वर्ष) एवं दीपक साहू (27 वर्ष), दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 8, साहूपारा, कारेसरा को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को जमानत मुचलके पर रिहा किए जाने के साथ ही उनके द्वारा पुनः संज्ञेय अपराध किए जाने की आशंका को देखते हुए धारा 170 बीएनएसएस के तहत पृथक से गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सोनल ग्वाला, सहायक उपनिरीक्षक दीनानाथ सिन्हा सहित थाना बेमेतरा के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव ...

सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री के कर कमल से जिन विकास कार्यों का लोकार्पण कार्य संपन्न होगा। इनमें 2703.36 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित 5 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनमें 25 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित हमर क्लिनिक पुराना अस्पताल परिसर के पास का लोकार्पण करेंगे। इसी तरह 2.94 लाख रुपए की लागत से बेमेतरा के ग्राम पंचायत में बोर खनन कार्य, 1967.77 लाख रुपए की लागत से निर्मित भाटासोरही कुम्हीगुड़ा बचेड़ी से खपरी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। इसी प्रकार 349.07 लाख रुपए की लागत से निर्मित गाढ़ामोर सिंगारडीह से बोहारडीह सड़क निर्माण कार्य एवं 358.58 लाख रुपए की लागत से निर्मित गाढ़ामोर, सिंगारडीह से बोहारडीह सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे।